RAF SECTOR

NEWS CLIP

29/08/19

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Rajasthan Patrika (Coimbatore,Tamilnadu)

कोयम्बत्तूर के महालिंगपुरम में स्थित रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) के 105 वीं बटालियन के तत्वावधान में वार्षिक उत्सव के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय सहनशक्ति और शूटिंग प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है। मंगलवार को दूसरे दिन भी सहनशक्ति प्रतियोगिता के तहत 20 किमी साइक्लिंग और 15 किमी की दौड़ आयोजित की गई।

Prabhat khabar (Ghatsila,JKD)

जवानों को रैफ की ड्यूटी के अनुरूप मिला प्रशिक्षण

नरवा. केरिपु बल से रैफ में आये जवानों को रैफ की ड्युटी के अनुरूप प्रशिक्षित किया गया. जिससे वे आगे की नयी चुनौतियों का समाना करने योग्य बन सके. परिवर्तन प्रशिक्षण में कुल 15 बटालियन के 134 जवान सम्मिलत हुए . उनके प्रशिक्षण को पुलिस उप महानिरीक्षक रैफ सेक्टर के द्वारा सराहा गया. वर्तमान में रैफ 106 बटालियन के कमांडेंट पीके सिंह के मार्गदर्शन एवं उप कमांडेंट अनामी शरण के कुशल पर्यवेक्षण में रेंज 3 देहरादून की 05 बटालियन के कुल 170 कार्मिक का परिवर्तन प्रशिक्षण चलाया जा रहा है.

Dainik Jagaran (Jamshedpur,JKD)

रैफ के जवानों को दिया गया प्रशिक्षण

जासं, जमशेदपुर : रैफ 106 बटालियन सुंदरनगर प्रांगण में परिवर्तन प्रशिक्षण के माध्यम से पांच बटालियन के 170 जवानों को प्रशिक्षित कर प्रमाण पत्र दिया गया। कमांडेंट पीके सिंह के मार्गदर्शन व उप कमांडेंट सह कोर्स डायरेक्टर अनामी शरण के कुशल पर्यवेक्षण में सभी जवानों को उच्च दर्जे का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान जवानों को दंगों से निपटने के अलावा कानून, विधि व्यवस्था, फायर, प्राथमिक उपचार से संबंधित जानकारी दी गई। 15 दिनों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन बुधवार को हुआ। उप कमांडेंट अनामी शरण ने बताया कि प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद सभी जवान किसी भी तरह के कानून एवं विधि व्यवस्था व चुनौतियों का सामना के लिए पूरी तरह से तैयार है।

जवान को प्रमाण पत्र देते कमांडेंट पीके सिंह।

Photos of Deployment/Fam-Ex Of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।